शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 3173/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 24/12/2024

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2024–25 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा संचालित पाठयक्रमों के स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के नियमित परीक्षार्थियों एवं डिप्लोमा पाठयक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://snpv.ac.in पर उपलब्ध Online Portal Link के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क (विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 1757/परीक्षा/2021, रायगढ़, दिनांक 25.11.2021 द्वारा निर्धारित) के अनुक्रम में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती हैः–

क्रं.	विवरण	तिथि
01.	स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के नियमित परीक्षार्थियों तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क	24.12.2024 से 29.12.2024 तक
02.	स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के नियमित परीक्षार्थियों तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ	30.12.2024 से 03.01.2025 तक
03.	छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	07.01.2025 तक
04.	महाविद्यालय छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की सूची (Enrollment Return/Roll List 2024–25) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में परीक्षा आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि	10.01.2025 तक

नोट :–

01. बी.एड. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए नामाँकन एवं परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु पृथक से अधिसूचना जारी की जायेगी।
02. स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) पाठ्यक्रमों के भूतपूर्व/स्वाध्यायी एवं स्नातकोत्तर (पूर्व एवं अंतिम वर्ष) के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु पृथक से अधिसूचना जारी की जावेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

पृ.क्र. 3174/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 24/12/2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
03. वित्ताधिकारी (भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालयीन प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner